देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 17 अंक: 52 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

# पेज थ्री

देहरादून, बृहस्पतिवार, 26 मई 2022

विचार-प्रवाह...
महंगा है सौदा?





मौसम अधिकतम 31.0° न्यूनतम 22.0° | 42243.40 | 2 रूस-चीन ने भेजा परमाणु बॉम्बर | 7 अब किलर बने डेविड मिलर

# साहसिक खेलों से खुलेंगे पर्यटन के द्वार: सीएम

## व्यास घाटी के केंद्र बिंदु में पहली बार आयोजित माउंटेन साइकिल रैली का शुभारंभ

संवाददाता

गुंजी (पिथौरागढ़)। चीन और नेपाल सीमा पर स्थित 11 हजार फीट की ऊंचाई पर स्थित व्यास घाटी के केंद्र बिंदु में पहली बार आयोजित माउंटेन साइकिल रैली का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि उच्च हिमालय में साहसिक खेल पर्यटन के द्वार खोलेंगे। यह क्षेत्र धार्मिक एवं साहसिक पर्यटन के क्षेत्र में अंतंरराष्ट्रीय स्तर पर जाना जाएगा। सीमांत में चहल पहल रहेगी।

**बढ़ेंगे रोजगार के अवसरः** साइकिल यात्रा का शुभारंभ अवसर पर कहा कि सीमा छोर में आयोजित यह कार्यक्रम इस क्षेत्र को अंतरराष्ट्रीय ख्याति देने वाला है। होमस्टे, टैक्सी, होटल, ढाबे और गाइड की आय में बढ़ोतरी होगी। सीमा पर यह चहल पहल अति महत्वपूर्ण है।



### 75 तिरंगे से बढ़ी शोभा

बुधवार को मुख्यमंत्री धामी आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर उच्च हिमालय में आयोजित दूर टू दि आदि कैलास साइकिल यात्रा का शुभारंभ करने गुंजी पहुंचे। चोटियों पर हुए ताजा हिमपात से चमक रही चोटियों के बीच स्थित मनीला मैदान में 75 तिरंगे झंडों से शोभायमान हो रहा था। पहली बार चीन सीमा से लगे इस क्षेत्र में आयोजित सबसे बड़े कार्यक्रम को लेकर भारी संख्या में सीमांत के लोग जुटे थे।

**मोदी का आभार जतायाः** उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से सीमा पर सड़क सम्पर्क हो सका है। उनके प्रयास से ही आज चीन सीमा तक सड़क बनी है और आवाजाही हो रही है। भारतमाला जैसी परियोजना चला कर सीमा क्षेत्रों को प्रधानमंत्री ने सड़कों की सौगात दी है। उन्होंने प्रदेश की चीन सीमा से लगे क्षेत्रों तक सड़क निर्माण के लिए प्रधानमंत्री का आभार जताया।

**डीएम को दी शाबाशीः** गुंजी में टूर द आदि कैलास के तहत साइकिल रैली के आयोजन के लिए सीएम पुष्कर सिंह धामी ने संबोधन में जिलाधिकारी डा. आशीष चौहान की तारीफ कर शाबाशी दी। कहा कि डीएम का यह प्रयास सीमांत क्षेत्र के विकास के लिए नये मार्ग खोलेगा। सरकार सीमांत के विकास के लिए कोई कोर कसर नहीं छोड़ेगी।



### जवानों में भरा जोश

मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में सीमा पर तैनात सेना, आईटीबीपी, एसएसबी के जवानों का हौसला बढ़ाया। इसके बाद साहसिक माउंटेन साइकिल रैली को हरी झंडी दिखा कर आदि कैलास और ओम पर्वत के लिए रवाना किया। राफिटंग दल को कुटी यांग्ती में राफिटंग के लिए रवाना हुआ। हरी झंडी दिखाने के दौरान गुंजी में भारत माता की जय और वंदेमातरम का घोष होता रहा। इस मौके पर ग्राम प्रधान गुंजी सुरेश गुंज्याल, डीएम डा. आशीष चौहान , डीएफओ कोको रोसे, एसडीएम धारचूला नंदन कुमार, एसएसबी के पाटिल राकेश सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी , जनप्रतिनिधि, स्थानीय ग्रामीण,साइकिलिस्ट व अन्य लोग उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### ज्ञानवापी मस्जिद केस फास्ट ट्रैक कोर्ट में हुआ ट्रांसफर

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

वाराणसी। ज्ञानवापी शृंगार गौरी प्रकरण में सिविल जज रवि कुमार दिवाकर की अदालत में भगवान आदि विश्वेश्वर विराजमान के नाम से मुकदमा दाखिल किया गया है। दोपहर दो बजे के बाद सुनवाई हुई तो ज्ञानवापी केस सिविल जज ने फास्ट ट्रैक कोर्ट में ट्रांसफर कर दिया। सिविल जज रवि दिवाकर ने नई याचिका को फास्ट ट्रैक कोर्ट में भेजा है जिसकी सुनवाई के लिए 30 मई नई तिथि मुकर्रर कर दी गई है।

### कैप्टन अभिलाषा बराक बनीं काम्बैट एविएटर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय सेना को आर्मी एविएशन कार्प्स के रूप में पहली महिला अधिकारी मिली है। कैप्टन अभिलाषा बराक यह कारनामा करने वाली पहली महिला बनी हैं। अभिलाषा ने सफलतापूर्वक प्रशिक्षण पूरा कर लिया है जिसके बाद कॉम्बैट एविएटर के रूप में उन्हें आर्मी एविएशन कॉर्प्स में शामिल किया गया है।

# टिहरी में गंगोत्री हाईवे पर बोलेरो खाई में गिरी


## छह लोगों की मौत, मरने वाले सभी युवा पश्चिम बंगाल के

संवाददाता

टिहरी। गंगोत्री राजमार्ग पर कंडीसौड़ तहसील के पास एक बोलेरो वाहन खाई में गिर गया। इस हादसे में छह लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। वाहन में सवार सभी युवा पश्चिम बंगाल के थे।

**दोहपर साढ़े तीन बजे हुआ हादसाः** बुधवार दोपहर साढ़े तीन बजे एक बोलेरो वाहन चंबा से उत्तरकाशी की तरफ जा रहा था। कंडीसौड़ से पहले कोटी गाड में वाहन अनियंत्रित हो गया और पैराफिट तोड़ते हुए खाई में गिर गया।

**खाई में गिरते ही वाहन में लगी आगः** वाहन के खाई में गिरते ही उसमें आग लग गई। स्थानीय निवासियों ने वाहन खाई में गिरते हुए देखा तो वे मौके पर पहुंचे। उन्होंने वाहन में लगी आग पानी डालकर बुझाई। साथ ही हादसे की सूचना प्रशासन को दी।



**छह लोगों की हुई मौतः** इस संबंध में तहसीलदार किशन सिंह महंत ने बताया कि वाहन में छह लोग सवार थे। इनमें पांच पुरुष और एक महिला शामिल हैं। तीन शव वाहन के अंदर ही थे, जो आग में जल गए हैं, जबकि तीन शव वाहन से बाहर पड़े थे। इस वाहन के साथ एक और वाहन चल रहा था। उसमें सवार लोगों को सूचना दे दी गई है। अभी शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है।

**मरने वाले सभी युवा पश्चिम बंगाल के:** वाहन में सभी सवार युवा पश्चिम बंगाल के थे और उत्तरकाशी की किसी पहाड़ी पर ट्रैकिंग करने के लिए उत्तरकाशी जा रहे थे। बुधवार सुबह ये युवा दो वाहनों में रायवाला से उत्तरकाशी के लिए निकले थे।

# यासीन मलिक को हुई उम्रकैद की सजा

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

नई दिल्ली। दिल्ली की एक विशेष अदालत ने आतंकी फंडिंग के मामले में दोषी करार जम्मू-कश्मीर लिबरेशन फ्रंट के अलगाववादी नेता यासीन मलिक को उम्रकैद की सजा सुनाई है। इसके साथ ही दस लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया है। किसी प्रकार की अप्रिय घटना न होने पाए, इसके लिए सुरक्षा एजेंसियां कश्मीर घाटी में पैनी नजर बनाए हुए हैं। विशेष न्यायाधीश प्रवीण सिंह ने यासीन को 19 मई को गैरकानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) के तहत सभी आरोपों का दोषी ठहराया था। यासीन मलिक के केस की सुनवाई के चलते पटियाला हाउस कोर्ट के बाहर सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद है।

**मुझे यकीन है कि न्याय मिलेगा- निर्मल खन्नाः** अदालत के फैसले पर भारतीय वायुसेना अधिकारी रवि खन्ना की पत्नी निर्मल खन्ना ने कहा कि जजों ने जो सजा दी है, मैं उसका सम्मान करती हूं। वे बेहतर जानते हैं कि ऐसे मामले में क्या सजा दी जानी चाहिए। मुझे 100 फीसदी यकीन है कि मुझे न्याय मिलेगा। बता दें कि वायुसेना अधिकारी रवि खन्ना एक आतंकी हमले में शहीद हुए थे। इस हमले में भी यासीन मलिक आरोपी है।

### सजा

■जम्मू-कश्मीर में अलर्ट पर सुरक्षाबल

**यासीन मलिक के घर के बाहर माहौल तनावपूर्णः** कश्मीर घाटी में यासीन मलिक के घर के बाहर भारी संख्या में समर्थक जुटे हैं, जोकि यासीन के समर्थन में नारेबाजी कर रहे हैं। इलाके में सुरक्षा व्यवस्था काफी सख्त है। ड्रोन से नजर रखी जा रही है। माहौल तनावपूर्ण है, पुलिस व अन्य सुरक्षाबल हालात पर नजर बनाए हुए हैं। उधर, कश्मीर में यासीन मलिक के घर के बाहर उसके समर्थकों ने नारेबाजी और पथराव किया है। जिन्हें तितर-बितर करने के लिए सुरक्षाबलों ने आंसू गैस के गोले दागे।

Are you Planning to make a Website or already have ?
If yes, then we are here to serve you
What we do
Website Development: All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.
Promotion & Branding: 1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries) 2. Social Media 3. Bulk SMS
Search Engine Optimisation: A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly. You tell us, we do it.
Gadoli Media Ventures
Contact: Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in

# मैं कांग्रेस का नेता था, लेकिन अब नहीं

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

लखनऊ। उत्तर प्रदेश से राज्यसभा के 11 सदस्यों का कार्यकाल चार जुलाई को समाप्त हो रहा है। इन 11 सीट के लिए दस जून को होने वाले चुनाव के लिए आज राज्यसभा के लिए सपा उम्मीदवार के तौर पर कांग्रेस नेता रहे कपिल सिब्बल ने नामांकन किया। इस दौरान उनके साथ सपा प्रमुख अखिलेश यादव और राम गोपाल यादव मौजूद रहे।

### कपिल सिब्बल ने सपा से राज्यसभा के लिए किया नामांकन

कपिल सिब्बल के बाद जावेद अली भी सपा प्रत्याशी के रूप में नामांकन करने के लिए विधानभवन के सेंट्रल हाल में पहुंचे। इस दौरान उनके साथ प्रो. रामगोपाल यादव और पार्टी प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल मौजूद रहे। विधानभवन के सेंट्रल हाल में कपिल सिब्बल ने उत्तर प्रदेश से राज्यसभा के लिए नामांकन किया। नामांकन के बाद उन्होंने कहा कि मैं कांग्रेस का नेता था, लेकिन अब नहीं हूं। उन्होंने कहा कि मैंने सपा के समर्थन से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में नामांकन किया है। मैं कांग्रेस की सदस्यता से 16 तारीख को इस्तीफा दे चुका हूं। उन्होंने सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव का आभार भी जताया।